# चौहान-कंवर उत्कृष्ट परामर्शदाता-परामर्शप्राप्तकर्ता पुरस्कार

***उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं शोध-परंपरा को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल***

पंतनगर, 24 अगस्त, 2026। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के एल्यूमिनाई सेल (पी.टी.ए.ए.) के तत्वावधान में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी विभाग के वर्ष 1976 बैच (एम.टेक.) के पूर्व छात्र एवं एल्यूमिनाई डॉ. रामेश्वर एस. कंवर द्वारा प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के भूतपूर्व प्रोफेसर, कृषि अभियांत्रिकी एवं पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एच.एस. चौहान के सम्मान में 'चौहान-कंवर उत्कृष्ट परामर्शदाता-परामर्शप्राप्तकर्ता पुरस्कार' प्रारम्भ किया गया है।

इस पुरस्कार का उद्देश्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एम.टेक. एवं पी.एच.डी. कार्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध मार्गदर्शन करने वाले संकाय सदस्यों तथा उनके परामर्शप्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना है।

इसी क्रम में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए।आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग एवं मूल्यांकन के उपरान्त चौहान-कंवर उत्कृष्ट परामर्शदाता-परामर्शप्राप्तकर्ता पुरस्कार प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. डी.एस. मूर्ति एवं उनके शोध छात्र डॉ. गौरव कुमार (पी.एच.डी.) को प्रदान किया गया।

पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. डी.एस. मूर्ति एवं डॉ. गौरव कुमार को प्रमाण-पत्र तथा ₹15,000-₹15,000 की पुरस्कार राशि के चेक एल्यूमिनाई डॉ. रामेश्वर एस. कंवर द्वारा प्रदान किए गए।

इस अवसर पर अधिष्ठाता, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डॉ. एस.एस. गुप्ता, ने कहा यह पुरस्कार उत्कृष्ट शिक्षक-शोधार्थी मार्गदर्शन संबंध को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता वाले शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष तथा पी.टी.ए.ए. के पदाधिकारी उपस्थित रहे।







**डॉ. रामेश्वर एस. कंवर, डॉ. डी.एस. मूर्ति एवं डॉ. गौरव कुमार को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान करते हुए**